CAREERINDIA

# PAPER-II
# EDUCATION

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________

   (Name) __________________________

2. (Signature) __________________________

   (Name) __________________________

OMR Sheet No. : ...............................................

(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________

(In words)

**D 0 9 1 4**

Time : **1 ¼** hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **24** Number of Questions in this Booklet : **50**

## Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   - (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   - (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   - (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.

   **Example :** (A) (B) ● (D)

   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   - (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   - (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   - (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।

   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)

   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

www.careerindia.com

CAREERINDIA

# EDUCATION
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Of Froebel's idealism it can be said that

(A) education is not a process of unfoldment

(B) learning unites knowledge, feelings and doing

(C) education cannot be a process of self realization

(D) the notion of self activity is limited to manual activity

**2.** Concerning the nature of truth

(A) the idealist says it is absolute discovered through reasoning and intuition

(B) the realist says it is constantly changing and is a concept that is man made

(C) the pragmatist says it consists of laws governing the physical world of man

(D) the rationalist humanist says it is whatever the individual in his/her society makes it

**3.** Those whose educational philosophy is based on pragmatism, will

(A) reject the scientific method of experimentation

(B) accept that complete objectivity is possible

(C) accept the stimulus response theory of learning

(D) claim that knowledge is tentative, truth is relative

**4.** Critically examine the following Assertion (A) and Reason (R) and give your answer from the codes given below :

**Assertion (A) :** There is almost a consensus that drop out rate of the government primary schools is much higher in comparison to that of public schools.

**Reason (R) :** It is so because the government primary schools do not offer enough co-curricular activities.

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true.

(B) (A) is true, but (R) is false.

(C) (A) is false but (R) is true.

(D) Both (A) and (R) are false.

CAREERINDIA

# शिक्षा

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** फ्रॉबेल के आदर्शवाद के विषय में कहा जा सकता है कि

(A) शिक्षा प्रकटीकरण की प्रक्रिया नहीं है ।

(B) अधिगम में ज्ञान, भावनाओं तथा क्रियाओं का संयोजन होता है ।

(C) शिक्षा को आत्मानुभूति की प्रक्रिया नहीं कहा जा सकता ।

(D) स्वत: क्रिया का भाव हस्तचालित क्रियाओं तक सीमित है ।

**2.** सत्य के स्वरूप के विषय में

(A) आदर्शवादी कहता है कि यह निरपेक्ष है जिसकी खोज तर्क तथा अन्त:प्रज्ञा के द्वारा की गई है ।

(B) यथार्थवादी कहता है कि यह सतत रूप से परिवर्तनशील है और एक मानव निर्मित अवधारणा है ।

(C) प्रयोजनवादी कहता है कि इसकी रचना मानव के भौतिक विश्व को नियंत्रित करने वाले नियमों से हुई है ।

(D) तार्किक मानववादी कहता है कि यह केवल वह है जो व्यक्ति अपने समाज में निर्मित करता है ।

**3.** वे सब व्यक्ति जिनके शिक्षा दर्शन का आधार प्रयोजनवाद है,

(A) प्रयोग की वैज्ञानिक विधि को अस्वीकार करेंगे ।

(B) मानेंगे कि पूर्ण वस्तुगतता संभव है ।

(C) अधिगम के उद्दीपन-अनुक्रिया सिद्धान्त को स्वीकार करेंगे।

(D) दावा करेंगे कि ज्ञान अन्तिम है, जबकि सत्य सापेक्ष होता है ।

**4.** निम्नलिखित अभिकथन (A) तथा तर्क (R) को परखें तथा नीचे दिए कूट समूह में से सही को चुनें :

**अभिकथन** (A) : इस बात पर लगभग सर्वसम्मति है कि सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में विद्यालय से विरत हो जाने वालों (ड्राप आउट) की दर पब्लिक स्कूलों की तुलना में बहुत अधिक है ।

**तर्क** (R) : यह इसलिए है कि सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में पाठ्यसहगामी क्रिया-कलाप पर्याप्त रूप में उपलब्ध नहीं होते ।

**कूट समूह** :

(A) (A) तथा (R) दोनों सत्य हैं ।

(B) (A) सत्य है, परन्तु (R) असत्य है ।

(C) (A) असत्य है, परन्तु (R) सत्य है ।

(D) (A) तथा (R) दोनों असत्य हैं ।

CAREERINDIA

**5.** A student has a problem. He/she comes to the teacher and asks, "What shall I do ?" The teacher should

(A) tell the student the course of action after considering the student's abilities and interest

(B) tell the student what he/she (the teacher) would do if he/she were in student's place

(C) ask questions to the student, which will develop the information needed for an intelligent decision.

(D) tell the student to figure out himself/herself to find solution to his/her problems

**6.** Which of the following premises is inconsistent with democratic school administration ?

(A) Every teacher should make an equal contribution to the cause of education.

(B) The welfare of the group is assured by furthering the welfare of individuals.

(C) Cooperative group decisions are apt to be more valid than the decisions of individuals

(D) Every person can make a unique and important contribution

**7.** Find the odd item out :

(A) Budhi (B) Antahkaran

(C) Chitta (D) Manas

**8.** The initiation ceremony called "Pabajja" is related to which of the following ?

(A) Islam (B) Jainism

(C) Buddhism (D) Samkhya-Yoga

**9.** Match Column – I (thinkers) and Column – II (their works) and give your answer from the codes given below :

| | **Column – I** | | **Column – II** |
|---|---|---|---|
| a. | Ivan Illiach | i. | The laboratory school |
| b. | John Dewey | ii. | Education and social order |
| c. | Paulo Friere | iii. | Deschooling society |
| d. | Bertrand Russell | iv. | Banking concept of education |
| | | v. | Integral education |

www.care

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | iii | i | iv | ii |
| (C) | v | ii | iii | iv |
| (D) | ii | iii | v | iv |

CAREERINDIA

**5.** एक छात्र एक समस्या लेकर अध्यापक के पास आता है और पूछता है कि "उसे क्या करना चाहिए ?" अध्यापक को क्या करना चाहिए ?

(A) छात्र की योग्यताओं और अभिरुचियों को ध्यान में रखते हुए अध्यापक उसे उचित मार्ग बता दे ।

(B) अध्यापक छात्र को बताए कि वह (अध्यापक) यदि छात्र के स्थान पर होता तो क्या करता ।

(C) अध्यापक छात्र से ऐसे प्रश्न पूछे जिनसे एक समझदारीपूर्ण निर्णय पर पहुँचने के लिए अपेक्षित सूचनाओं का विकास हो सके ।

(D) अध्यापक छात्र को कहे कि वह अपनी समस्या का समाधान ढूँढ़ने के लिए स्वयं ही विचार करे ।

**6.** निम्नलिखित में से कौन सा आधार वाक्य लोकतांत्रिक विद्यालय संचालन के साथ असंगत है ?

(A) प्रत्येक अध्यापक को शिक्षा के उद्देश्य प्राप्ति हेतु समान योगदान देना चाहिए ।

(B) व्यक्ति के कल्याण को प्रोत्साहित करने से समूह का कल्याण सुनिश्चित होता है ।

(C) व्यक्तिओं के निर्णय के सापेक्ष सहयोगात्मक समूह द्वारा लिए गए निर्णय अधिक वैध होते हैं ।

(D) प्रत्येक व्यक्ति एक अनूठा एवं महत्त्वपूर्ण योगदान कर सकता है ।

**7.** निम्न में से बेमेल पद को चुनें :

(A) बुद्धि

(B) अन्त: करण

(C) चित्त

(D) मानस

**8.** शिक्षा प्रारंभ करने हेतु "पबज्जा" अनुष्ठान निम्न में किससे संबंधित है ?

(A) इस्लाम

(B) जैन धर्म

(C) बौद्ध धर्म

(D) सांख्य योग

**9.** स्तम्भ-I (चिंतक) तथा स्तम्भ-II (उनके कार्य) का मिलान कीजिए तथा सही उत्तर को दिए गए कूट समूह में छाँटिए :

| | **स्तम्भ-I** | | **स्तम्भ-II** |
|---|---|---|---|
| a. | इवान इलिच | i. | द लेबोरेटरी स्कूल |
| b. | जॉन डिवी | ii. | एजुकेशन एण्ड सोशल ऑर्डर |
| c. | पाउलो फ्रेरी | iii. | डिस्कूलिंग सोसायटी |
| d. | बर्ट्रेन्ड रसेल | iv. | बैंकिंग कान्सैप्ट ऑफ एजुकेशन |
| | | v. | इंटिग्रल एजुकेशन |

**कूट समूह :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | i | iv | iii |
| (B) | iii | i | iv | ii |
| (C) | v | ii | iii | iv |
| (D) | ii | iii | v | iv |

CAREERINDIA

**10.** Which of the following is correct ?

(A) Maktab is a place where pupils learn reading and writing and Madarsa is where lectures are delivered.

(B) The two concepts are the same, there is no actual difference.

(C) Madarsa is where literacy is provided and Maktab where higher education is given.

(D) Maktabs are educational institutions meant for religious (Islamic) education but Madarsas are institutions where non-religious secular education is provided.

**11.** Application of general principles of sociology in the process of education is known as

(A) Educational Sociology

(B) Social foundations of education

(C) Sociology of education

(D) Educational foundations of education

**12.** In modern society one spends a significant part of one's formative years ________ to avail formal education.

(A) in family

(B) in community

(C) with peers

(D) at school

**13.** Which of the following will not form part of a social system ?

(A) values (B) technology

(C) collectivities (D) roles

**14.** In social change, alteration in social organization relates mainly to its

(A) structural aspects

(B) functional aspects

(C) both (A) and (B)

(D) neither (A) nor (B)

CAREERINDIA

**10.** निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

(A) मकतब वह स्थान है जहाँ विद्यार्थियों को पढ़ना और लिखना सिखाया जाता है जबकि मदरसे में व्याख्यान दिए जाते हैं ।

(B) दोनों संकल्पनाएँ समान हैं, वास्तव में कोई अन्तर नहीं है ।

(C) मदरसे में साक्षरता दी जाती है और मकतब में उच्च शिक्षा दी जाती है ।

(D) मकतब में शैक्षिक संस्थाएँ हैं जो धार्मिक (इस्लामी) शिक्षा के लिए हैं, परन्तु मदरसे वह संस्थाएँ हैं जहाँ गैर-धार्मिक धर्मनिरपेक्ष शिक्षा दी जाती है ।

**11.** शिक्षा की प्रक्रिया में समाजशास्त्र के सामान्य सिद्धांतों के अनुप्रयोग को निम्नलिखित में से क्या कहा जाता है ?

(A) शैक्षणिक समाजशास्त्र

(B) शिक्षा के सामाजिक आधार

(C) शिक्षा समाजशास्त्र

(D) शिक्षा के शैक्षणिक आधार

**12.** आधुनिक समाज में कोई व्यक्ति औपचारिक शिक्षा प्राप्त करने में अपने प्रारंभिक वर्षों का एक बड़ा हिस्सा ______ व्यतीत करता है ।

(A) परिवार में (B) समुदाय में

(C) साथियों के साथ (D) विद्यालय में

**13.** निम्नलिखित में से क्या सामाजिक व्यवस्था का अंग नहीं है ?

(A) मूल्य (B) प्राविधिकी

(C) सामूहिकता (D) भूमिकाएँ

**14.** सामाजिक परिवर्तन में, सामाजिक संगठन में बदलाव मुख्यत: इसके ______ से संबंधित है ।

(A) संरचनात्मक पहलू

(B) प्रकार्यात्मक पहलू

(C) (A) और (B) दोनों

(D) न तो (A) ना (B)

**15.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and the other labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** An equitable society strives towards providing equality of opportunity to its members and also excellence on the basis of talents.

**Reason (R) :** These are mutually exclusive and hence it will not be possible to attain both.

After reflecting on the two statements as above, decide as to which one of the following is correct.

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation.

(B) Both (A) and (R) are true but (R) is not the correct explanation.

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**16.** Which one of the following is not a characteristic feature of a school as a social sub-system ?

(A) Latent pattern maintenance

(B) Goal attainment

(C) Integration

(D) Enrichment of resources

**17.** In arranging the following policies / reports in order in which they appeared choose the correct code :

I. Report of National Commission on Teachers – I (Chairperson Prof. D.P. Chattopadhyaya)

II. Towards an enlightened and humane society (Chairperson Acharya Rammurti)

III. Challenge of Education : A policy perspective

IV. National Policy on Education, 1986 : Revised Policy Formulations

**Codes :**

(A) III, I, II, IV

(B) I, III, II, IV

(C) III, IV, I, II

(D) IV, II, III, I

**18.** Articles (36) to (51) of the Constitution of India deal with

(A) Fundamental Rights

(B) Fundamental Duties

(C) Introduction

(D) Directive Principles

**15.** नीचे दो कथन दिए गए है । अभिकथन (A) और तर्क (R)

**अभिकथन (A)** : कोई समतामूलक समाज अपने सदस्यों को अवसर की समानता देने के साथ-साथ प्रतिभा के आधार पर उत्कृष्टता प्रदान करने की दिशा में प्रयासरत रहता है ।

**तर्क (R)** : ये लक्ष्य परस्पर व्यावर्ती हैं, अत: दोनों को प्राप्त करना संभव नहीं होगा ।

उपर्युक्त दोनों कथनों पर चिंतन पश्चात्, निर्णय कीजिए कि निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ।

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R) सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

**16.** निम्नलिखित में से सामाजिक उप-व्यवस्था के रूप में किसी स्कूल की मुख्य विशेषता क्या नहीं है ?

(A) अप्रत्यक्ष स्वरूप-संरक्षण

(B) लक्ष्य की प्राप्ति

(C) एकीकरण

(D) संसाधन समृद्धिकरण

**17.** निम्नलिखित नीतियों/प्रतिवेदनों को उनकी प्रस्तुति के आधार पर कालक्रम में व्यवस्थित करें और दिए गए कोड में से सही विकल्प चुनें :

I. राष्ट्रीय शिक्षक आयोग का प्रतिवेदन-I (चेयरपर्सन प्रो.डी.पी. चट्टोपाध्याय)

II. प्रबुद्ध और मानवीय, समाज की दिशा में (चेयरपर्सन आचार्य राममूर्ति)

III. शिक्षा की चुनौती : एक नीतिगत परिप्रेक्ष्य

IV. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 : संशोधित नीति प्रतिपादन

**कूट** :

(A) III, I, II, IV
(B) I, III, II, IV
(C) III, IV, I, II
(D) IV, II, III, I

**18.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद (36) से (51) निम्नलिखित में से किससे संबंधित हैं ?

(A) मौलिक अधिकार
(B) मौलिक कर्त्तव्य
(C) प्रस्तावना
(D) नीति निर्देशक सिद्धांत

**19.** Which of the following illustrates the spirit of the statement :

"There is a gap between technological development of society (material aspects) and its moral and legal institutions (non material aspects)".

(A) Social stratification

(B) Cultural imperialism

(C) Cultural lag

(D) Cultural change

**20.** Which of the following statements cannot be considered true with reference to Indian education since independence ?

(A) With the expansion of education since independence the number of teachers has shot up

(B) Implementation of 'three language formula' has raised a controversy.

(C) The expansion of higher education has raised the quality of education at all levels

(D) Extreme unevenness can be perceived between different segments of society and between different states

**21.** Which of the following is the most appropriate term to describe the content of Educational Psychology ?

(A) Determinable (B) Fluid

(C) Causal (D) Transparent

**22.** The relation between Education and Psychology is best understood on the basis of

(A) Interdependence (B) Independence

(C) Interaction (D) Dependence

**23.** One of the most significant implications of individual differences for organizing educational programmes lies is using

(A) Teacher centric approach

(B) Content centered approach

(C) Examination centered approach

(D) Learner centric approach

CAREERINDIA

**19.** "किसी समाज के प्रौद्योगिकीय विकास (महत्त्वपूर्ण पहलू) और इसके नैतिक एवं विधिक संस्थाओं (गैर-महत्त्वपूर्ण पहलू) के मध्य खाई है ।"

उक्त कथन की भावना निम्नांकित में से किसके द्वारा स्पष्ट होती है ?

(A) सामाजिक स्तरीकरण

(B) सांस्कृतिक साम्राज्यवाद

(C) सांस्कृतिक पिछड़ापन

(D) सांस्कृतिक परिवर्तन

**20.** स्वतंत्रता के समय से भारतीय शिक्षा के संदर्भ में निम्नलिखित में से किस कथन को सही नहीं माना जा सकता है ?

(A) आजादी के समय से शिक्षा का प्रसार होने से शिक्षकों की संख्या में बहुत अधिक वृद्धि हुई है ।

(B) "त्रि-भाषा सूत्र" के कार्यान्वयन से विवाद उत्पन्न हुआ है ।

(C) उच्चतर शिक्षा के प्रसार से सभी स्तरों पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है ।

(D) समाज के विभिन्न वर्गों और अलग-अलग राज्यों के मध्य अत्यधिक विषमता को समझा जा सकता है ।

**21.** निम्नलिखित में से शिक्षा मनोविज्ञान की विषय-वस्तु को दर्शाने वाला सर्वाधिक उपयुक्त पद कौन सा है ?

(A) अवधार्य

(B) गतिशील

(C) नैमित्तिक

(D) पारदर्शी

**22.** शिक्षा और मनोविज्ञान के संबंध को निम्नलिखित में से किस आधार पर सर्वोत्तम ढंग से समझा जा सकता है ?

(A) परस्पर निर्भरता

(B) स्वतंत्रता

(C) अन्तर्क्रिया

(D) निर्भरता

**23.** शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करने के लिए वैयक्तिक भिन्नता का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण निहितार्थ है

(A) शिक्षक केन्द्रित उपागम के लिए

(B) विषय-वस्तु केन्द्रित उपागम के लिए

(C) परीक्षा केन्द्रित उपागम के लिए

(D) विद्यार्थी केन्द्रित उपागम के लिए

**24.** While measuring intelligence which tests assume that upto a certain chronological age intelligence reaches a peak ?

(A) Verbal and non verbal tests

(B) Emotional and social intelligence tests

(C) Spiritual and ethical intelligence tests

(D) Social and emotional intelligence tests

**25.** A student of class XII aspires to get 'A' in his school final examination. Which of the following will best explain his/her motivation ?

(A) Need for affiliation

(B) Need for self esteem

(C) Need for actualization

(D) Need for achievement

**26.** Which of the following learning theories is intimately related to Thorndike's law of effect ?

(A) Guthrie's contiguity theory

(B) Pavlov's reflex conditioning

(C) Skinner's operant conditioning

(D) Kohler's Gestalt theory

**27.** Which learning theory lays stress on emergent synthesis ?

(A) Tolman's sign gestalt

(B) Lewin's field theory

(C) Mowrer's two factor theory

(D) Hull's need reduction theory

**28.** Defence mechanisms are used by the

(A) Ego of a person knowingly

(B) Superego of a person knowingly

(C) Id of a person unknowingly

(D) Ego of a person unknowingly

**24.** बुद्धि मापन करते समय किन परीक्षणों में माना जाता है कि कतिपय कालक्रमिक आयु तक बुद्धि शीर्षस्थ चरण तक पहुँच जाती है ?

(A) शाब्दिक और अशाब्दिक परीक्षण

(B) भावात्मक और सामाजिक बुद्धि परीक्षण

(C) आध्यात्मिक और नैतिक बुद्धि परीक्षण

(D) सामाजिक और भावात्मक बुद्धि परीक्षण

**25.** बारहवीं कक्षा का एक छात्र अपने स्कूल की वार्षिक परीक्षा में 'A' पाने का आकांक्षी है । निम्नलिखित में से कौन सा तत्त्व उसके अभिप्रेरण को दर्शाएगा ?

(A) संबद्धता की आवश्यकता

(B) आत्मसम्मान की आवश्यकता

(C) आत्म-सिद्धि की आवश्यकता

(D) उपलब्धि की आवश्यकता

**26.** निम्नलिखित में से कौन सा अधिगम सिद्धान्त थॉर्नडाइक के प्रभाव के नियम से घनिष्ट रूप में संबंधित है ?

(A) गथरी का समीपता का सिद्धान्त

(B) पावलॉव का सहज प्रतिवर्त अनुबन्धन

(C) स्किनर का क्रिया प्रसूत अनुबंधन

(D) कोहलर का जेस्टाल्ट सिद्धान्त

**27.** कौन सा अधिगम सिद्धान्त विकासशील संश्लेषण पर जोर देता है ?

(A) टोलमैन का संकेत जेस्टाल्ट

(B) लेविन का क्षेत्र सिद्धान्त

(C) मॉरर का द्विकारक सिद्धान्त

(D) हल्ल का आवश्यकता ह्रास सिद्धान्त

**28.** रक्षा युक्तियों का प्रयोग निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया जाता है ?

(A) व्यक्ति के अहम् द्वारा चेतन रूप में

(B) व्यक्ति के पराहम् द्वारा चेतन रूप में

(C) व्यक्ति के इदम् द्वारा अचेतन रूप में

(D) व्यक्ति के अहम् द्वारा अचेतन रूप में

**29.** A student who fails in an examination, makes a complaint that the examiner was strict. He/she is using a defence mechanism of

(A) Sublimation
(B) Regression
(C) Rationalization
(D) Reaction formation

**30.** Which one of the following statements best describes the mental health of a teacher ?

(A) A teacher handles student problems without creating fuss.
(B) A teacher deals with students in a friendly manner.
(C) A teacher controls his/her emotions in the class.
(D) A teacher persuades his/her students to follow the rules.

**31.** Synectics is the method for dealing with

(A) Gifted children
(B) Cognitively impaired children
(C) Backward children
(D) Creative children

**32.** In which of the following, the principle of differential reinforcement is used ?

(A) Discrimination
(B) Generalisation
(C) Shaping
(D) Associate conditioning

**33.** Which schedule of reinforcement in operant conditioning is likely to produce steadiness in acquired behaviour ?

(A) Continuous schedule of reinforcement
(B) Fixed interval schedule of reinforcement
(C) Variable interval schedule
(D) Variable ratio schedule of reinforcement

CAREERINDIA

**29.** एक विद्यार्थी परीक्षा में असफल होने पर शिकायत करता है कि परीक्षक सख्त था । वह किस रक्षा युक्ति का अनुप्रयोग कर रहा है ?

(A) उदात्तीकरण
(B) प्रतिगमन
(C) औचित्य-स्थापन (यौक्तिकीकरण)
(D) प्रतिक्रिया निर्माण

**30.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन एक अध्यापक के मानसिक स्वास्थ्य का परिचायक है ?

(A) शिक्षक किसी खलबली के बगैर छात्रों की समस्याओं का निबटारा करता है ।
(B) शिक्षक छात्रों के साथ मित्रवत व्यवहार करता है ।
(C) शिक्षक कक्षा में अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखता है ।
(D) शिक्षक अपने छात्रों को नियमों का पालन करने की प्रेरणा देता है ।

**31.** साइनेक्टिक्स (Synetics) विधि निम्न में से किससे संबद्ध है ?

(A) प्रतिभाशाली बालक
(B) संज्ञानात्मक रूप से मन्दित बालक
(C) पिछड़े बालक
(D) सृजनशील बालक

**32.** निम्नलिखित में से किसके अन्तर्गत विभेदक-प्रबलन का सिद्धान्त प्रयुक्त होता है ?

(A) विभेदीकरण
(B) सामान्यीकरण
(C) व्यवहार रचना
(D) साहचर्यात्मक अनुबन्धन

**33.** क्रिया प्रसूत अनुबन्धन के अन्तर्गत निम्नलिखित में से प्रबलन की किस अनुसूची द्वारा अर्जित व्यवहार के स्थायित्व होने की संभावना होती है ?

(A) प्रबलन की अविराम अनुसूची
(B) प्रबलन की नियत अंतराल अनुसूची
(C) परिवर्ती अन्तराल अनुसूची
(D) परिवर्ती अनुपात अनुसूची

CAREERINDIA

**34.** A student suffering from depression and sadness can be classified as

(A) Sanguine type  (B) Phlegmatic

(C) Choleric  (D) Melancholic

**35.** By arranging following concepts of intelligence in the order in which they appeared, select the correct code :

I. Academic intelligence

II. Emotional intelligence

III. Spiritual intelligence

IV. Ethical intelligence

**Codes :**

(A) IV, I, II, III

(B) I, III, IV, II

(C) I, II, III, IV

(D) IV, III, IV, II

**36.** The progress of a nation mostly depends on the

(A) means of production in a country

(B) natural resources in a country

(C) enhancement of output through use of proven techniques

(D) the government's effort in a country

**37.** Some usual steps in conducting research are given below, identify the code which gives acceptable rational sequence :

I. Formulating hypothesis

II. Collecting data and its analysis

III. Identifying the research problem

IV. Testing the hypothesis

**Codes :**

(A) I, III, II, IV

(B) I, II, IV, III

(C) III, I, II, IV

(D) II, I, IV, III

CAREERINDIA

**34.** मानसिक हताशा एवं अवसाद से आग्रस्त एक विद्यार्थी को किस संवर्ग में रखा जा सकता है ?

(A) आशावादी (B) भावशून्य

(C) क्रोधी (D) दु:खी

**35.** बुद्धि की निम्नलिखित संकल्पनाओं को उनके विकासशील परिप्रेक्ष्य के आधार पर सही कालक्रम में सजाइए और नीचे दिए गए कोड में से सही विकल्प चुनिए :

I. शैक्षिक बुद्धि

II. भावात्मक बुद्धि

III. आध्यात्मिक बुद्धि

IV. आचार परक बुद्धि

**कोड** :

(A) IV, I, II, III (B) I, III, IV, II

(C) I, II, III, IV (D) IV, III, IV, II

**36.** किसी भी राष्ट्र की प्रगति अधिकांशत: निम्नलिखित में से किस पर निर्भर करती है ?

(A) देश में उत्पादन के साधन

(B) देश में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधन

(C) प्रमाणित तकनीक के उपयोग द्वारा उत्पादन में वृद्धि

(D) देश में सरकार द्वारा किए गए प्रयास

**37.** शोधकार्य के कुछ सामान्यत: प्रयुक्त चरण नीचे दिए गए हैं । उनकी स्वीकार्य तार्किक क्रम में पहचान कीजिए :

I. परिकल्पना प्रतिपादित करना

II. प्रदत्तों का संग्रहण और उनका विश्लेषण

III. शोध की समस्या की पहचान करना

IV. परिकल्पना परीक्षण

(A) I, III, II, IV (B) I, II, IV, III

(C) III, I, II, IV (D) II, I, IV, III

**38.** A researcher wants to study whether discovery learning procedure has an impact on the motivation of students. In this situation, the variable motivation will be labelled as

(A) Intervening variable

(B) Independent variable

(C) Dependent variable

(D) Extraneous variable

**39.** In labelling research variables, the designations of variables from one research to the other have to be

(A) Identical

(B) Different

(C) Sometimes identical

(D) Sometimes different

**40.** In which research design sampling is least necessary ?

(A) Comparative analysis

(B) Experimental study

(C) Case study

(D) Correlational study

**41.** Research for exploring the applicability of a theory or law formulated in a specific situation in the field of education is termed as

(A) Pure research

(B) Action research

(C) Applied research

(D) Theoretical research

**42.** An aptitude test should essentially possess

(A) Content validity

(B) Predictive validity

(C) Concurrent validity

(D) Construct validity

**38.** एक शोधकर्ता अध्ययन करना चाहता है कि खोजी विधि से सीखने की प्रक्रिया का छात्रों की अभिप्रेरणा पर प्रभाव पड़ता है अथवा नहीं । इस स्थिति में अभिप्रेरणा चर को निम्नलिखित में से किसकी संज्ञा दी जाएगी ?

(A) हस्तक्षेपी चर
(B) निराश्रित चर
(C) आश्रित चर
(D) बाह्य चर

**39.** शोध चरों का नामकरण करने में, एक शोध में प्रदत्त नामकरण अन्य शोध में प्रयुक्त नाम से _____ होना चाहिए ।

(A) एकसमान
(B) भिन्न
(C) कभी-कभी एकसमान
(D) कभी-कभी भिन्न

**40.** निम्नलिखित में से किस शोध अभिकल्प में प्रतिदर्श चयन की आवश्यकता न्यूनतम होती है ?

(A) तुलनात्मक विश्लेषण
(B) प्रयोगात्मक अध्ययन
(C) व्यष्टि अध्ययन
(D) सहसंबंधात्मक अध्ययन

**41.** शिक्षा के क्षेत्र में किसी विशिष्ट परिस्थिति में निरूपित सिद्धान्त अथवा नियम की प्रयोज्यता तलाश करने हेतु किए गए शोध को कहा जाता है

(A) विशुद्ध शोध
(B) क्रियात्मक शोध
(C) अनुप्रयुक्त शोध
(D) सैद्धान्तिक शोध

**42.** अभिक्षमता परीक्षण में अनिवार्यत: होना चाहिए

(A) विषयवस्तु परक वैधता
(B) भविष्य सूचक वैधता
(C) समवर्ती वैधता
(D) संरचनात्मक वैधता

CAREERINDIA

**43.** Match the following and select the correct code :

| | **List – I** | | **List – II** |
|---|---|---|---|
| i. | Product moment correlation | a. | both variables expressed in an ordinal scale |
| ii. | Rank order correlation | b. | both variables are in an interval scale |
| iii. | Biserial correlation | c. | one variable is continuous and the other is truly dichotomous |
| iv. | Point biserial correlation | d. | both variables are a true dichotomy |
| | | e. | One variable is continuous and the other is artificially dichotomous |

**Codes :**

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | c | b | e |
| (B) | b | a | e | c |
| (C) | b | c | e | a |
| (D) | a | b | e | c |

**44.** In the process of standardization of a multiple choice test, the researcher while doing item analysis wants to test the hypothesis for each item response. The most appropriate statistics the researcher may use will be

(A) ‘t’ test

(B) ‘F’ test

(C) chi square test

(D) sign test

**45.** For collecting information under Right to Information Act from five different states, the better research tool will be

(A) Observation schedule

(B) Rating scale

(C) Questionnaire

(D) Checklist

CAREERINDIA

**43.** निम्नलिखित का मेल कीजिए और सही कोड को चुनिए :

| **सूची-I** | | **सूची-II** | |
|---|---|---|---|
| i. | गुणन आघूर्ण सहसंबंध | a. | दोनों चर क्रमसूचक माप में अभिव्यक्ति । |
| ii. | अनुस्थिति-अन्तर सहसंबंध | b. | दोनों चर मध्यान्तर माप में होते हैं । |
| iii. | द्विपंक्तिक सहसंबंध (बाइसीरियल सहसंबंध) | c. | एक चर अविच्छिन्नक के रूप में होता है और दूसरा चर वास्तविक रूप में द्विभाजित होता है । |
| iv. | बिन्दु-द्विपंक्तिक सहसंबंध (पाइन्ट बाइसीरियल सहसंबंध) | d. | दोनों चर वास्तविक रूप में द्विभाजित होते हैं । |
| | | e. | एक चर अविच्छिन्नक रूप में होता है और दूसरा चर कृत्रिम रूप से द्विभाजित होता है । |

**कूट** :

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a | c | b | e |
| (B) | b | a | e | c |
| (C) | b | c | e | a |
| (D) | a | b | e | c |

**44.** बहु विकल्प वाले परीक्षण के मानकीकरण की प्रक्रिया में, शोधकर्ता यदि प्रत्येक पद की अनुक्रिया के सन्दर्भ में परिकल्पना का परीक्षण करना चाहता है, तो सर्वाधिक उपयुक्त सांख्यिकी जिसका अनुप्रयोग शोधकर्ता कर सकता है, निम्नलिखित में से होगी :

(A) 'टी' परीक्षण

(B) 'एफ' परीक्षण

(C) काई-स्क्वैयर परीक्षण

(D) संकेत परीक्षण (साइन टेस्ट)

**45.** सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत पाँच विभिन्न राज्यों से सूचना एकत्र करने के लिए बेहतर शोध उपकरण, निम्नलिखित में से ______ होगा ।

(A) प्रेक्षण अनुसूची (ऑब्जर्वेशन शेड्यूल)

(B) मूल्य निर्धारण मापनी

(C) प्रश्नावली

(D) जाँच सूची

CAREERINDIA

**46.** The procedure of sampling which provides equal and independent chance to each unit while being selected in a sample is called

(A) Purposive sampling

(B) Convenient sampling

(C) Snowball sampling

(D) Random sampling

**47.** The association among variables in a scientific study is indicated quantitatively as

(A) Coefficient

(B) Ratio

(C) Percentile

(D) Variance

**48.** If the computed values are used only to explain the properties of a particular sample taken for the study, the statistics used is called __________

(A) Descriptive statistics

(B) Inferential statistics

(C) Both (A) and (B)

(D) Neither (A) nor (B)

**49.** Which of the following research tool / technique will be appropriate for an indepth understanding of cultural and social aspects of a tribe ?

(A) Questionnaire

(B) Participant observation

(C) Sociometric technique

(D) Rating scale

**50.** In research situations, non parametric statistics is used for

(A) Nominal data

(B) Ordinal data

(C) Interval data

(D) Ratio data

CAREERINDIA

**46.** प्रतिदर्श चयन की वह प्रक्रिया जिसमें प्रतिदर्श में चुने जाने के क्रम में प्रत्येक इकाई को समान और स्वतंत्र अवसर प्रदान किया जाता है, उसे निम्नलिखित में से किस नाम से संबोधित किया जाता है ?

(A) प्रयोजनमूलक प्रतिदर्श चयन

(B) सुविधाजनक प्रतिदर्श चयन

(C) स्नोबाल प्रतिदर्श चयन

(D) यादृच्छिक प्रतिदर्श चयन

**47.** किसी वैज्ञानिक अध्ययन में विभिन्न चरों के मध्य संबंध को परिमाण के रूप में निम्नलिखित में से किससे व्यक्त किया जाता है ?

(A) गुणांक

(B) अनुपात

(C) शतमक

(D) विचरणशीलता

**48.** यदि किसी अध्ययन हेतु लिए गए एक प्रतिदर्श विशेष की विशेषताओं को व्याख्यायित करने हेतु परिकलित मान का उपयोग किया जाता है, तो इसमें प्रयुक्त सांख्यिकी को _____ कहा जाता है ।

(A) विवरणात्मक

(B) आनुमानिक

(C) (A) तथा (B) दोनों

(D) न तो (A) ना (B)

**49.** किसी जनजाति के सांस्कृतिक और सामाजिक पहलुओं की गहन सूझबूझ के लिए निम्नलिखित में से कौन सी युक्ति उपयुक्त होगी ?

(A) प्रश्नावली

(B) प्रतिभागी प्रेक्षण

(C) समाजमितीय तकनीक

(D) निर्धारण मापनी

**50.** शोध की परिस्थितियों में अप्राचलिक सांख्यिकी निम्नलिखित में से किसके लिए प्रयुक्त होती है ?

(A) नामित प्रदत्त

(B) क्रमवाचक प्रदत्त

(C) मध्यान्तरित प्रदत्त

(D) आनुपातिक प्रदत्त

---

**Space For Rough Work**

www.careerindia.com